**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3024**

**(दिनांक 19.03.2025 को उत्तर देने के लिए)**

**बीआईएनडी योजना**

**3024. श्री हरीभाई पटेलः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) विगत पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) योजना के अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत दूरदर्शन और आकाशवाणी अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए विशेषकर गुजरात में कितनी परियोजनाएं शुरू की गई हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) सीमावर्ती और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में दूरदर्शन और आकाशवाणी की पहुंच और प्रसारण गुणवत्ता बढ़ाने के लिए क्या विशिष्ट उपाय किए गए हैं और इन उपायों का क्या प्रभाव बताया गया है;

(घ) भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए स्थानीय या क्षेत्रीय सामग्री विकास के लिए योजना के प्रावधानों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस योजना के अंतर्गत प्रसारण अवसंरचना को और आधुनिक बनाने के लिए एआई और 5जी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने की क्या योजना है?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**

**(डॉ. एल. मुरूगन)**

**(क):** सरकार ने वर्ष 2021-26 के लिए देश में प्रसार भारती की प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) नामक एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को अनुमोदित किया है। पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान बीआईएनडी स्कीम के तहत उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा इस प्रकार है:

*(राशि करोड़ रूपये में)*

| वित्तीय वर्ष | किया गया व्यय |
|---|---|
| 2019-20 | 289.02 |
| 2020-21 | 201.65 |
| 2021-22 | 159.95 |
| 2022-23 | 163.75 |
| 2023-24 | 344.57 |

**(ख) से (घ):** प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क का आधुनिकीकरण, उन्नयन और विस्तार एक सतत प्रक्रिया है, जिसका कार्यान्वयन ट्रांसमीटरों और स्टूडियो का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण, डीटीएच और टीवी चैनलों का विस्तार, डीडी फ्री डिश डीटीएच प्लेटफॉर्म का विस्तार, प्रोडक्शन और प्रसारण सुविधाओं का स्वचालन और आधुनिकीकरण, सामग्री नवाचार के लिए सामग्री निर्माण और प्रौद्योगिकी, रणनीतिक, सीमावर्ती, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) क्षेत्रों और वाइब्रेंट विलेजेज में लोक सेवा प्रसारण की पहुंच का विस्तार आदि जैसी कई परियोजनाओं के माध्यम से गुजरात राज्य सहित देश भर में बीआईएनडी स्कीम के तहत किया जा रहा है। इस स्कीम के तहत वर्ष 2021-26 के लिए देश भर में सामग्री विकास और सामग्री नवाचार के लिए 450 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है जिसमें से 367 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहले ही खर्च की जा चुकी है।

**(ङ):** बीआईएनडी स्कीम के तहत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)/मशीन लर्निंग (एमएल) पर एक पायलट परियोजना शामिल की गई है।

*****